## संक्षिप्त

### भगवान की आस्था ही जीवन है : कमल

**निवाई, (निसं)।** छोटी बरथल में स्थित बैरवा मोहल्ले में सोमवार को बाबा रामदेव एवं शंकर भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कमल बैरवा द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करके बाबा रामदेव एवं शंकर भगवान की मूर्ति की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कमल बैरवा ने कहा कि भगवान की आस्था ही जीवन है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की पूजा से स्वर्ग की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर संरक्षक भंवर लाल, सरपंच जगदीश बैरवा, चिरंजीलाल बैरवा, रामेश्वर ठेकेदार, लादूलाल बैरवा, भागचंद मामा, नाथूलाल बैरवा, मदनलाल बैरवा, बाबूलाल मूंडिया सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### अन्न प्राशन संस्कार आयोजित

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत झिलाय में रविवार को गायत्री शक्ति पीठ में भारतीय संस्कृति के अनुरूप 2 जोडे को पुंसवन और 1 दम्पत्ति के बालक को अन्न प्राशन संस्कार यज्ञ रूप भगवान का गायत्री परिवार के सानिध्य मे आयोजित कर सराहनीय पहल की है। इस कार्यक्रम में कम्पाउन्डर राधेश्याम शर्मा, मोर वाले व सीताराम शर्मा वैद्य जामडोली, आयोजन आचार्य व सहायक आचार्य बनवारी मिश्रा की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर सभागी दम्पत्तियों को गायत्री परिवार के संरक्षक गंगा सिंह, मुख्य यजमान सीताराम कांटिया, सत्यनारायण वर्मा, शिवनारायण गुर्जर, घनश्याम जांगिड, बनवारी सोनी, राकेश मिश्रा ने परिवार के रुप में सम्मानित कर शुभाशीष प्रदान किया।

### ट्रेक की टक्कर से महिला घायल

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के रेलवे स्टेशन पर दोपहर में फुलेरा से रेवाडी की ओर जाने वाली सवारी गाडी की चपेट में आने से एक महिला घायल हो गई जिसे जयपुर रैफर किया गया है। महिला की जेब में मिली पर्ची के आधार पर कॉल करने पर महिला की पहचान दुल्हेपुरा निवासी 35 वर्षीय संतोष देवी पत्नी रामवतार जाट के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया महिला के पति की करीब 1 महीने पहले हार्ट अटैक से मौत हो गई थी तभी से महिला मानसिक अवसाद में चल रही है। श्रीमाधोपुर रेलवे स्टेशन पर कैसे पहुंची यह भी उन्हें पता नहीं। महिला रेल से टकराकर प्लेटफार्म व ट्रेन के बीच में आने से एक पांव की अंगुलियां कट गई व सर में चोट है। जिसे घायल अवस्था में जयपुर रैफर किया गया है। महिला के तीन बेटियां ही बताई जा रही है व परिवार की स्थिति भी दयनीय है।

### मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

**मालपुरा, (निसं)।** लामबाहरिसिंह थाना क्षेत्र के मोरला गांव में घर में घुसकर बंधक बना मारपीट करने के मामले में थाना पुलिस ने तीन जनों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी भागीरथ सिंह ने बताया कि 12 नवम्बर को मोरला निवासी प्रेम देवी गुर्जर की और से दी रिपोर्ट मे बताया कि उसके घर मे घुसकर कुछ लोगो ने मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान घर मे मौजूद एक रिश्तेदार को भी बंधक बनाकर मारपीट की गई। मामले मे कालू,विश्राम व गजानन्द को गिरफ्तार किया गया।

### दहशत फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बहरोड/नीमराना, (निसं)।** जिला पुलिस भिवाडी क्षेत्र के बहरोड उप पुलिस अधीक्षक वृत्त अधिकारी आनंद राव तथा थाना अधिकारी बहरोड वीरेंद्रपाल सिंह के द्वारा जाब्ते के साथ गश्त के दौरान जैनपुरबास स्कूल ग्राउंड के पास से पूर्व में किसी समारोह में अवैध हथियारों के प्रदर्शन से दहशत फैलाने वाले हवाबाज रजत उर्फ रामफल पुत्र रामसिंह निवासी जैनपुरबास अंतरराज्यीय आपराधिक गैंग आरोपी को एक पिस्टल तथा दो जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा।

### पेयजल आपूर्ति प्रातः 6 से 7 बजे तक

**निवाई, (निसं)।** सर्दी के मौसम को देखते हुए जलदाय विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति का समय में बदलाव किया गया है। जन स्वास्थ्य अभियात्रिकी विभाग के सहायक अभियंता नितिन जैन ने बताया कि शरद ऋतु को देखते हुए 30 नवंबर से आगामी आदेश तक शहर में पेयजल आपूर्ति सुबह 6 से 7 बजे तक कर दी गई है।

# दिन में कृषि कनेक्शन पर थ्री फेज बिजली देने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**निवाई, (निसं)।** उपखंड के उपतहसील दत्तवास के गांवों के किसानों ने दत्तवास पावर हाउस पर दिन में कृषि कनेक्शन पर थ्री फेज बिजली देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने दिन में कृषि कनेक्शन पर थ्री फेज बिजली देने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। सूचना पर सहायक अभियंता मौके पर पहुंचकर किसानों की समस्याएं सुनकर ज्ञापन लिया। उन्होंने दिन में बिजली की मांग को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया लेकिन किसान अभी भी संतुष्ट नहीं होने के कारण धरने पर बैठे हैं।

दत्तवास जीएसएस के अध्यक्ष ममता देवी ने बताया कि अभी रबी फसलों की सिंचाई का कार्य चल रहा है लेकिन रात में थ्री फेज बिजली देने से फसलों की सिंचाई में काफी परेशानी हो रही है।

इससे दत्तवास, हिंगोनिया, रायदामोदरपुरा, मोठूका, बाढ रामपुरा, लक्ष्मीदामोदरपुरा, जगसरा, कुरावदा, सीपुरा, लुनेरा, हाथाथली उर्फ गणेशपुरा सहित कई गांवों के किसान परेशान हैं। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम में कई किसान फसलों के बीच में खडे होकर रात में सिंचाई करने के कारण बीमार पड रहे हैं और रात में जहरीले कीडों के काटने का भय बना रहता है।



दत्तवास पावर हाउस पर दिन में कृषि कनेक्शन पर थ्री फेज बिजली देने की मांग को लेकर किसानों ने नारेबाजी की।

- सर्दी में किसान फसलों के बीच में खड़े होकर सिंचाई करने के कारण बीमार पड़ रहे हैं
- रात में जहरीले कीड़ों के काटने का भय बना रहता है

## महात्मा फूले का जन्मदिन 'सामाजिक क्रांति दिवस' के रूप में मनाने की मांग

**जयपुर, (निसं)।** रूक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक डॉ रमेश बैरवा ने शोषित पीड़ित, मजदूर, किसान वर्ग के सच्चे हितैषी एवं आमजन के लिए शिक्षा के प्रबल समर्थक क्रांतिकारी समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फूले के जन्मदिवस पर 11 अप्रेल को शिक्षण संस्थाओं सहित सरकारी कार्यालयों में 'सामाजिक क्रांति दिवस' के रूप में मनाये जाने की मांग को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन भेजा है। रूक्टा डेमोक्रेटिक मांग करता है कि राजस्थान में भी महात्मा फूले के जन्मदिन 11 अप्रेल को स्कूल, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों सहित सरकारी कार्यालयों में सामाजिक क्रांति दिवस के मनाये जाने के आदेश प्रसारित करे एवं पाठ्यक्रम में भी महात्मा ज्योतिराव फूल के विचार, दर्शन एवं जीवन संघर्ष के बारे में पढ़ाया जाये।

## सार-समाचार

### फागी एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**फागी, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर संचालित राजकीय महाविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष खुशबू नरूका के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने उच्च शिक्षा मंत्री एवं मुख्य प्रबंधक के नाम फागी एसडीएम को अपनी विभिन्न मांगों के समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपा। छात्र संघ अध्यक्ष खुशबू नरूका ने बताया कि एसडीम को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से छात्रा शक्ति ने बताया कि महाविद्यालय में व्याख्याताओं के रिक्त पद होने से व्याख्याता की कमी है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है साथ ही महाविद्यालय से फागी रोडवेज बस स्टैंड की दूरी काफी दूर होने से छात्र-छात्राएं कॉलेज समय से नहीं पहुंच पाते हैं। ज्ञापन के माध्यम से उक्त समस्याओं पर गौर करते हुए समस्या का समाधान करने की मांग की है। छात्रसंघ अध्यक्ष खुशबू नरूका ने ज्ञापन के माध्यम से उच्च अधिकारी को चेतावनी देते हुए बताया कि शिक्षकों की कमी एवं कॉलेज परिसर के सामने बस स्टॉप की कमी को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया तो समस्त छात्र शक्ति ने अधिकारों की लडाई सडक पर लडने की चेतावनी भी दी। इसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में कोमल यादव, जीतू बैरवा, किरण बैरवा, नरेंद्र सिंह, वर्षा ब्रह्मभट्ट, करमा चौधरी, आरती सहित अनेक छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### चलती बोलेरो में लगी आग, जलकर खाक

**बस्सी, (निसं)।** बस्सी इलाके के जयपुर-आगरा हाइवे स्थित मोहनपुरा के पास चलती बोलेरो गाडी में अचानक आग लग गई। आग से बोलेरो गाडी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि फाइनेंसकर्मी बोलेरो गाडी को लेकर दौसा से जयपुर की ओर जा रहे थे। मोहनपुरा के पास पहुंचने पर बोलेरो में अचानक आग लग गई। आग की तीव्रता इतनी तेज़ थी कि कुछ ही देर में बोलेरो को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इधर, सूचना के आधा घण्टे बाद दमकल जयपुर घाटगेट फायर स्टेशन से गाडी पहुंची जब तक बोलेरो पूरी तरह से खाक हो चुकी थी

### एसडीएम को किसानों ने ज्ञापन सौंपा

**उनियारा, (निसं)।** कचरावता के किसानों ने उनियारा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ठेकेदार द्वारा डीपी लगवाने की अरदास लगाई।वही किसानों ने ठेकेदार पर डीपी लगवाने के लिए अवैध राशि लेने तथा नहीं देने पर नाजायज रूप से परेशान करने का भी गंभीर आरोप लगाया है। सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने बताया कि कृषि विद्युत कनेक्शन हेतु वर्ष 2013 में आवेदन किया था इनका डिमाण्ड जमा कर ठेकदारों द्वारा लाइन डाल दी गई थी किन्तु उक्त लाईन पर डी.पी नहीं लगाई गई। विभाग में डी.पी लगवायें जानें के संबंध में विद्युत विभाग में जानकारी लेने गये तो वहाँ किसी ने भी स्पष्ट जवाब नहीं दिया तथा ठेकेदारों द्वारा डी.पी लगाने हेतु अवैध राशि की मांग की। उक्त लाईन को बिछे तथा समस्त कार्य हुए करीब 20 दिन से भी ज्यादा समय हो गया है तथा बार बार डी.पी लगायें जाने हेतु ठेकेदारों द्वारा अवैध रूप से मोटी राशि की मांग कर नाजायज रूप सें परेशान किया जा रहा है ! जिससे सभी काफी परेशान है तथा विद्युत कनेक्शन चालू नहीं होने के कारण फसल आदि सूखने के कागार पर है। इससे किसानों के भूखें मरने की स्थिति उत्पन्न होने की पूर्ण सम्भावना बनी हुई है। इस कारण उक्त व्यक्तियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए डी. पी लगवाई जाएं।

### एनसीसी कैडेट्स ने श्रमदान किया

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय में एनसीसी दिवस कार्यक्रम में कैडेट्स द्वारा श्रमदान किया गया। सहायक एनसीसी अधिकारी द्वितीय (एएनओ) शंभूदयाल कुलदीप के नेतृत्व में विद्यालय प्राचार्य केके जोशी के करकमलों से तथा नेशनल कैडेट्स कोर्प्स द्वारा विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया गया। एनसीसी के सभी विद्यार्थियों द्वारा स्वैच्छिक श्रमदान किया गया। इसके अलावा एनसीसी का उद्देश्य जीवन के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व गुणों के साथ संगठित, प्रशिक्षित और प्रेरित युवाओं का एक पूल बनाना है।

### योजनाओं के बारे में जागरूक किया

**पावटा, (निसं)।** बाबा भूतनाथ जोहडा धाम व भोमिया के जोहडा में कार्यरत इंदिरा गांधी शहरी रोजगार श्रमिकों को राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। राजीव गांधी युवा मित्र विकास यादव ने बताया कि चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना में बहुत से लोग चिकित्सा लाभ लेकर पुनः काम पर लौट रहे हैं। हर उस पात्र व्यक्ति को योजनाओं का आज सम्पूर्ण लाभ मिल रहा है। ऐसे श्रमिकों को भी जानकारी दी ज्योंकि मदद कि आस लगाए बैठे हैं। उन तक योजनाओं कि जानकारी नहीं पहुँच पाती हैं। ऐसे में हर वर्ग के लोगों को योजना से सम्बन्धित जानकारी हर घर घर राजीव गांधी युवा मित्र देंगे। राजस्थान सरकार कि जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे पालनहार, इंदिरा गांधी पोषण योजना, राजश्री उडान योजना, सिलिकोसिस नीति योजना, निशुल्क दवा योजना सहित तमाम योजनाओं कि महिलाओं को जानकारी दी गई। इस मौके पर राजीव गांधी युवा मित्र महेंद्र भग्गा,मुनेश यादव, भारत सिंह, विकास, सुरेन्द्र, ग्यारसी लाल बुनकर, सहित अधिकतर महिला श्रमिक मौजूद थी।

### नाबालिगा को बरामद करने की मांग

**टोंक, (निसं)।** शहर कोतवाली क्षेत्र से करीब एक माह से घर से लापता नाबालिक पुत्री का कोई पता नहीं चलने पर परिजनों सहित लोगों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर शीघ्र नाबालिग को बरामद करने की मांग की है। कांग्रेस नेता मो. एहसान बाबा के नेतृत्व में पीडित पिता मोहम्मद इफ्तेखार पुत्र मुख्तारुज्जमा निवासी शफात मस्जिद के पास, बिलाल कॉलोनी टोंक, इसरार, सुफियान, मो.रफीक, मो. परवेज, समीना, इनाम अली आदि ने ज्ञापन में बताया कि 1 नवम्बर 2022 की रात्रि को पीडित की 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री घर पर अपनी माता और छोटे भाईयों के साथ सो रही थी, रात को जब 2 बजे करीब उसकी पत्नी समीन उठी तो पुत्री को नहीं दिखने पर घर पर तलाश किया, जिका घर में भी पता नहीं चलने पर रातभर व सुबह तक सभी जगह तलाश किया परन्तु कुछ पता नहीं चला। इस पर 2 नवम्बर को पुलिस थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी। परन्तु करीब एक माह का समय बीते जाने के बाद नाबालिग पुत्री को बरामद नही किया और ना कोई पता लगा गया। इस मामले में बहुत की शिथिलता बरती जा रही है। लापता नाबालिग को तुरंत बरामद कराने की कार्यवाही की जाएं।

## उचित मूल्य दुकानदारों को मानदेय देने की मांग को लेकर ज्ञापन

**टोंक (निसं)।** राजस्थान राज्य अधिकृत राशन विक्रेता नियोजक संघ ने राजस्थान प्रदेश के उचित मूल्य दुकानदारों को मानदेय दिये जाने एवं संविदा सेवानियम 2022 में नियमितिकरण में सम्मिलित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन दिया।

संघ के भगवान दास अजमेरा, ब्लाक अध्यक्ष शकील अहमद, मो. अजमल, राज बहादूर सिंह, किशन गोपाल गुर्जर, छीतरलाल गुर्जर, छोटी सिंह सोलंकी, कमलेश कुमार शर्मा, राधेश्याम शर्मा, मनोज सिंधी, राकेश कुमार, मुजाहिद अली आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि राजस्थान प्रदेश में लगभग 27000 राशन विक्रेता खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उपभोक्ताओं में खाद्य सामग्री वितरण करने के कार्य में लगे हुए है और देश व प्रदेश में कोविड जैसी महामारी में भी राशन विक्रेता ने उपभोक्ता के घर-घर जाकर सामग्री वितरण की है।

इसके तहत आपकी सरकार ने राशन विक्रेता को करोना वारियर में शामिल करते हुए कोरोना से मृत्यु होने पर 50 लाख का अनुदान दिये जाने के भी आदेश प्रसारित किये गये थे। जिसके लिए संगठन आपका सदैव आभारी रहेगा। उन्होंने आगामी बजट के लिए मांग की है कि निश्चित मानदेय 30 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जावे। संविदा अधिनियम 2022 के अन्तर्गत नियमितिकरण में शामिल किया जावे। पोष मशीन के नाम पर 15.21 रू. की सरकार द्वारा जो कटौति की जा रही है वो बन्द की जावे।

केन्द्र सरकार पर दबाव बनाकर खाद्य सुरक्षा अधिनियम में संशोधन कराकर खाद्य सामग्री पर 2 प्रतिशत छीजत देने का प्रावधान पोष मशीन में डाला जावे। वर्तमान में गेहूं के एक क्विंटल की उतरवाई मजदूरी 6 रुपए सरकार द्वारा राशन विक्रेता को दी जा रही है जबकि महंगाई में मजदूरों ने अपनी उतरवाई की दर 10 रुपए प्रति क्विंटल कर दी है और वो डीलर से प्राप्त कर रहे है। इसलिए गेहूँ की एक क्विंटल की उतरवाई 6 रुपए के स्थान पर 10 रुपए निश्चित किया जाना चाहिये। हमारी मांगों को स्वीकार करते हुए 27000 राशन डीलरों को राहत पहुंचाई जाएं।

- पोष मशीन के नाम पर 15.21 रुपये की सरकार द्वारा कटौति बन्द करने की मांग, गेहूं के एक क्विंटल की उतरवाई मजदूरी 6 रुपए की बजाये 10 रुपए प्रति क्विंटल की मांग

## खिलाड़ियों का उज्जवल भविष्य बनाने के लिए सिंथेटिक ट्रैक बनाने की घोषणा

**राजगढ , (निसं)।** राजगढ़ के राजकीय महाविद्यालय में तीन दिवसीय एथलेटिक प्रतियोगिता का उत्साह एवं उल्लास के साथ क्षेत्रीय विधायक जोहरी लाल मीणा के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने छात्रा वर्ग दौड स्पर्धा में प्रतिभागी खिलाड़ी छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

विधायक जोहरी लाल मीणा ने ग्रामीण पृष्ठभूमि से जुड़े महाविद्यालय में अध्यनरत खिलाड़ी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य बनाने के लिए सिंथेटिक ट्रैक बनाने की घोषणा की। उन्होंने राजगढ़ महाविद्यालय में हो रही अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाडी छात्र छात्राओं को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन की बात कही। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभा रहे शारीरिक शिक्षकों से निर्विवाद एवं बेदाग फैसलों से राजगढ़ क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करने का आव्हान किया। प्राचार्य डॉ राव सज्जन सिंह ने महाविद्यालय के बाहर लगे ट्रांसफार्मर एवं दुर्घटना का सबब बने पेड को हटाने की मांग की।

उन्होंने सभी खिलाड़ी छात्र-छात्राओं से धैर्य एवं अनुशासन के साथ लक्ष्य प्राप्ति के प्रति सजग रहने का आव्हान किया। कार्यक्रम में एसडीएम ओमप्रकाश मीणा ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने खिलाड़ी छात्र-छात्राओं से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर तक रोशन करने का आव्हान किया। आयोजन सचिव जीएल मीणा के नेतृत्व में विधायक जोहरी लाल मीणा, राजेंद्र सिंह राठौड, मत्स्य विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक गंगा सहाय गुर्जर, बृज विश्वविद्यालय के निरंजन लाल गुर्जर, एवं पंचायत समिति सदस्य एन एल वर्मा का माल्यार्पण से स्वागत किया। इस अवसर पर पूरणमल मीना, डॉ रजनी मीणा, डॉ रतिराम, सुमेर सिंह, आंचल मीणा, संकाय सदस्य, खेल प्रभारी, दल प्रभारी, खिलाडी छात्र-छात्राएं एवं निर्णायक गण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.देशराज वर्मा ने किया।

- अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उत्साह से शुभारंभ



विधायक जोहरी लाल मीणा (कोटी में) के मुख्य आतिथ्य में एथलेटिक प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

## एमएसएमई विषय पर व्याख्यान

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में सोमवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एमएसएमई विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता डॉ.मीनू चोटिया ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की भारतीय अर्थव्यवस्था में आवश्यकता एवं उनके महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रभात शर्मा ने एण्टरप्रेन्योषिप पर प्रकाश डाला एवं उद्यम, उद्यमी एवं उद्यमिता के अर्थ बताते हुए इसे भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार बताया। वर्तमान वैश्विक प्रतिस्पर्धी युग में उद्यमिता के साथ जुडकर रोजगार सृजन की आवश्यकता पर बल दिया। प्राचार्य डॉ. उर्मिल महलावत ने सूक्ष्म, लघु उद्योगों के विकास की महत्ती आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान युग में उद्योगों से जुडकर युवा रोजगार अर्जन कर सकते है एवं दूसरों को भी रोजगार प्रदान कर सकते है। इस दौरान डॉ.मधु नागर, महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ.शोभा जौहरी, डॉ.अनुपमा सक्सैना, मनीषा बोराड़ व डॉ.पदमा मीणा सहित अन्य मौजूद थे।

# 18 माह से फरार चल रहा हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**फुलेरा, (निसं)।** पुलिस मुख्यालय एवं जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के द्वारा अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश कुमार शर्मा के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुधार के सुपरविज में सांभरलेक थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार द्वारा पुलिस की एक टीम गठित कर हत्या के मामले में 18 माह से अधिक समय से फरार चल रहे अभियुक्त सीताराम जाट को गिरफ्तार किया।

वृत्ताथिकारी लक्ष्मी सुथार ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि थाना सांभरलेक के ग्राम त्योदा में 9 मई 2021 को नमक कारोबारी (व्यापारी) हनुमान ठोलिया निवासी त्योदा की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इसके लिए हनुमान ठोलिया को राजीनामा करने के बहाने उसके घर से थोडी दूरी पर सांभर लेक के किनारे बुलाकर उस पर लाठियों-सरियों से ताबडतोड वार कर घायल कर दिया और घायल होने पर गाडियों से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। उक्त हत्याकाण्ड की योजना बनाने ओर उसको अंजाम देने के मुख्य सूत्रधार भंवर खैरवा और राजू नेहरा थे। जिसमे से भंवर खैरवा, राजू नेहरा सहित 8 मुख्य आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था लेकिन सीताराम व अन्य अभियुक्त घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे।

जिनमें से सीताराम पुत्र मंगलाराम जाति जाट 36 वर्ष निवासी ढाणी टीबावाली तन भासिंहपुरा थाना क्षेत्र फुलेरा को पुलिस की गठीत टीम ने सोमवार को खेतों में करीब 1 किलोमीटर पिछा कर धरदबोच कर गिरफ्तार किया है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल ने पुलिस टीम की उक्त कार्यवाही के लिए हौसला अफजाई के हेतु नगद पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र दिये जाने की घोषणा की है।

- हत्या के आरोपी को खेतों में करीब 1 किलोमीटर पीछा कर पकड़ा
- जयपुर ग्रामीण एसपी ने पुलिस टीम को उक्त कार्यवाही के लिए नगद पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र देने की घोषणा की

## गर्म वस्त्र पाकर खिले चेहरे

**लालसोट, (निसं)।** पंचायत समिति क्षेत्र के राजकीय उत्कृष्ट उच्च प्राथमिक विद्यालय नागल अभयपुरा में भामाशाह द्वारा जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निशुल्क गरम जर्सी निर्मित यूनिफार्म के वितरण के बाद छात्रों के चेहरे खिले नजर आए। प्रधानाध्यापक ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम नागल अभय पुरा के भामाशाह खादी ग्रामोद्योग अधिकारी से सेवानिवृत्त लादुराम शर्मा द्वारा छात्र छात्राओं को गर्म वस्त्र वितरित किए। राजकीय विद्यालय में यूनिफार्म गर्म वस्त्र का वितरण स्थानीय लालपुरा ग्राम पंचायत के पीईईओ चौथमल मीणा की मौजूदगी में कराया गया। इस दौरान भामाशाह एवं मौजूद शिक्षा अधिकारियों द्वारा राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत जरूरतमंद छात्र छात्राओं को इस कडाके की ठंड में बचने के लिए गर्म वस्त्र एवं पाठ्य पुस्तक सामग्री जैसी जरूरत की चीजों को वितरण कर उनकी जरूरत पूरी करने के लिए प्रेरित किया गया एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस पुनीत कार्य में आगे आने के लिए आव्हान किया गया।




## भामाशाहों ने सरकारी स्कूल के 50 बच्चों को गणवेश वितरित की

**बहरोड/नीमराना, (निसं)।** बहरोड कस्बे की भारत विकास परिषद शाखा बहरोड द्वारा क्षेत्र के बनहड गांव के राजकीय उच्च विद्यालय में जरूरतमंद गरीब बच्चों को परिषद के द्वारा नई पहल की शुरुआत करते हुए भामाशाह के सहयोग से गणवेश वितरण कार्यक्रम के तहत 50 विद्यार्थियों को गणवेश वितरित कर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। इस दौरान भारत विकास परिषद शाखा बहरोड के कोषाध्यक्ष राकेश मुच्छल, उपाध्यक्ष विजय शर्मा, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार यादव एवं बनहड स्कूल प्रधानाध्यापिका मीना यादव, अध्यापक बस्तीराम, अरविंद पंच, पूर्व प्रधानाध्यापक अमर सिंह तथा लोकेश यादव, हितेश शर्मा एवं विद्यालय का स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## श्रीजी विवाह महोत्सव का आयोजन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** नगर के आराध्य देव श्री गोपीनाथ मंदिर में श्रीजी विवाह महोत्सव का आयोजन हुआ। दोपहर 2 बजे श्रीजी की शाही लवाजमें एवं जीवंत झांकियों के साथ बारातियों सहित शोभायात्रा निकाली गई।

बाराती भी शोभायात्रा में बैंड-बाजे की भक्ति धुन व संकीर्तन पर नाचते-गाते चल रहे थे। बारातियों एवं शोभायात्रा पर कस्बे के अलग-अलग मार्गो में नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया गया। शाम को गोधूली बेला में फूलों से सजाए गए मण्डप में श्रद्धालुओं की साक्षी में हिंदू रीति-रिवाज व पूरे नेगचार के साथ श्रीजी का विवाह संपन्न हुआ। मंदिर में शाम 5 बजे से भण्डारा प्रसाद का आयोजन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालु पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। रात को भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर महंत डॉ. मनोहरशरणदास, मंदिर सेवायत बद्रीनारायण पारीक, कालूराम सैनी, निरंजन कयाल, परमेंद्र कानूनगो, प्रकाश चंद सैनी, कालू सैनी, शिंभूदयाल सैनी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)**
IDFC FIRST Bank
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहितओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22276030 | गृह ऋण | 1. राजेश कुमार 2. भगवती शर्मा | 21.09.2022 | 20,04,929.52/- | प्लाट नं. 62 के भाग का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज अर्थात 92.89 वर्ग मीटर, "भौमिया नगर" निवारू रोड़, जयपुर (राज.), और सीमायें हैं- पूर्व-अन्य भूमि, पश्चिम-रोड़ 30 फिट चौड़ी, उत्तर- प्लाट नं. 61, दक्षिण-प्लाट नं. 63 |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चो, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
**प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)**

दिनांक- 29.11.2022
स्थान- राजस्थान